## कार्यपत्र-5

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'समूह' का समानार्थी शब्द है– (iii) टोली ✓

(ख) 'सुरभि' का अनेकार्थी शब्द नहीं है– (ii) रहस्य ✓

(ग) 'मूक' का विलोम शब्द होगा– (iii) वाचाल ✓

(घ) समरूपी भिन्नार्थक शब्दों का सही जोड़ा नहीं है– (iv) उपेक्षा-प्रतिक्षा ✓

(ङ) 'जो अपने पैर पर खड़ा हो।'– वाक्यांश के लिए एक शब्द है– (ii) स्वावलंबी ✓

**2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) मुक्ति | मोक्ष | निर्वाण |
| (ख) पक्षी | खग | विहग |
| (ग) सरस्वती | शारदा | भारती |
| (घ) युद्ध | रण | संग्राम |
| (ङ) ध्वजा | झंडा | पताका |
| (च) उन्नति | विकास | प्रगति |

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) उधार | × | नकद | (ख) कीर्ति | × | अपकीर्ति |
| (ग) उत्थान | × | पतन | (घ) अनुराग | × | विराग |
| (ङ) मिथ्या | × | सत्य | (च) अनिवार्य | × | ऐच्छिक |

**4. निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) जीवन | जल, प्राण, वायु |
| (ख) पद | पैर, स्थान, रक्षा, उपाधि |
| (ग) अनंत | आकाश, ईश्वर, शेषनाग, अंतहीन |
| (घ) फल | लाभ, नतीजा, गुण, बाण, प्रयोजन |
| (ङ) पट | वस्त्र, पर्दा, चित्रपट, छप्पर, कपाट |
| (च) बलि | दानवीर, राजा बलि, उपहार, बलिदान |

**5. निम्नलिखित समरूपी भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) कुल | वंश | (ख) अनंतर | बाद में |
| कूल | किनारा | अंतर | भेद |
| (ग) अगम | कठिन | (घ) जरा | बुढ़ापा |
| आगम | आगमन | ज़रा | थोड़ा |
| (ङ) सर | सरोवर | (च) आदी | अभ्यस्त |
| शर | बाण | आदि | प्रारंभ |

**6. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | जिस पर मुकदमा चल रहा हो | अभियुक्त |
| (ख) | जो बुराई के लिए प्रसिद्ध हो | कुख्यात |
| (ग) | जिसका आदि न हो | अनादि |
| (घ) | जो गोद लिया हो | दत्तक |
| (ङ) | अच्छे चरित्र वाला | सच्चरित्र |
| (च) | जिसे कभी बुढ़ापा न आए | अजर |
| (छ) | किए हुए उपकार को न मानने वाला | कृतघ्न |
| (ज) | जहाँ पहुँचना कठिन हो | दुर्गम |

**7. निम्नलिखित एकार्थी प्रतीत होने वाले शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करके अंतर स्पष्ट कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अनुरोध | आपसे सादर अनुरोध है कि आप हमारे कार्यक्रम में अवश्य पधारें। |
| | प्रार्थना | मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि मैं सदैव सद्मार्ग पर चलूँ। |
| (ख) | अमूल्य | इस संसार में विद्या और यश अमूल्य हैं। ये बड़े भाग्य से प्राप्त होते हैं। |
| | बहुमूल्य | यह हीरों का हार बहुमूल्य है। |
| (ग) | इच्छा | आज खाना खाने की इच्छा नहीं हो रही है। |
| | अभिलाषा | मेरी अभिलाषा है कि मैं एक सफल अध्यापक बनूँ। |
| (घ) | नमस्कार | मित्र! नमस्कार। |
| | प्रणाम | माता जी प्रणाम! |